# भारत-इक्वाडोर के बीच व्यापार व टेक्नोलॉजी पर जोर

## एस. जयशंकर और गैब्रिएला सोमरफेल्ड ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर की चर्चा



**नई दिल्ली, 29 अप्रैल. भारत और इक्काडोर के बीच संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को नई दिल्ली में एक अहम कूटनीतिक बैठक आयोजित हुई. इस बैठक में एस. जयशंकर और गैब्रिएला सोमरफेल्ड ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की.**

दोनों नेताओं ने व्यापार, कृषि, स्वास्थ्य, डिजिटल क्षेत्र और क्षमता निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया ।बैठक के दौरान यह सहमति बनी कि भारत और इक्काडोर न केवल द्विपक्षीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी मिलकर काम करेंगे। वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए साझा दृष्टिकोण अपनाने पर भी दोनों पक्षों ने सहमति जताई। इस मौके पर भारत ने इक्काडोर के इंटरनेशनल सोलर एलाइंस इंटरनेशनल बीग कॉट एलाइंस से जुड़ने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्णय का स्वागत किया, जिसे पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. इसके अलावा, बैठक में 'क्विक इम्पैक्ट प्रोजेक्ट्स' के लिए फंडिंग पर भी सहमति बनी, जिससे दोनों देशों के बीच विकास सहयोग को और गति मिलेगी। यह पहल विशेष रूप से स्थानीय स्तर पर विकास परियोजनाओं को बढ़ावा देने में सहायक साबित होगी इक्काडोर की विदेश मंत्री गैब्रिएला सोमरफेल्ड तीन दिन के भारत दौरे पर हैं. इस दौरान वह राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगी। साथ ही वह जेपी नड्डा और पीयूष गोयल सहित कई केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगी.

### सैन्य साझेदारी बढ़ाने पर भारत-अमेरिका में सहमति

**नई दिल्ली, 29 अप्रैल.** भारत और अमेरिका ने रक्षा संबंधों को और मजबूत करने तथा क्षेत्रीय स्थिरता, उन्नत क्षमता विकास और प्रगाढ़ सैन्य सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है. सेना ने बुधवार को बताया कि भारतङ्कअमेरिका सैन्य साझेदारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने पिछले सप्ताह अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन का दौरा किया। चार दिन की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने दोनों सेनाओं के बीच रणनीतिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर सार्थक चर्चा की. जनरल द्विवेदी ने अमेरिका के सेना सचिव डेनियल पी. ड्रिस्कॉल के साथ बातचीत की। साथ ही उन्होंने अमेरिकी सेना के कार्यवाहक स्टाफ प्रमुख जनरल क्रिस्टोफर ला नेव से भी मुलाकात की.

# लखनऊ से शिक्षा की क्रांति शुरू : रामदेव

- भारतीय शिक्षा बोर्ड लखनऊ कार्यालय का भव्य उद्घाटन




**हरिद्वार/लखनऊ, 29 अप्रैल. भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रांतीय कार्यालय का दिव्य उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री माध्यमिक शिक्षा गुलाब देवी, स्वामी रामदेव, अतिथि डॉ एनपी सिंह सहित संतों के सानिध्य में दीप प्रज्वलित करके किया गया. प्रांतीय कार्यालय क्रिश्चयन कॉलेज लखनऊ के प्रांगण में खुला है.**

इस अवसर पर सानिध्य दे रहे स्वामी रामदेव ने कहा कि जिस तरह से योग क्रांति की शुरुआत हुई थी, ठीक उसी तरह उत्तरप्रदेश की लखनऊ की इस धरा से शिक्षा की क्रांति की शुरुआत होने जा रही है. जिसके मूल में भारतीय शिक्षा बोर्ड है. उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड से पढ़ने वाला कोई बच्चा आतंकवादी और व्यवभाचारी नहीं बनेगा.

शिक्षा संवाद के दौरान मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि अंग्रेजी स्कूलों में जो शिक्षा दी जा रही है, वह दिशाहीन हो चुकी हैं. उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव ने भारतीय शिक्षा बोर्ड के तहत जो बीड़ा उठाया है, वह निश्चित तौर पर बच्चों के चरित्र निर्माण करेगा. स्वामी ने कहा कि योग क्रांति के बाद अब शिक्षा को लेकर बड़ी क्रांति होने जा रही है. उन्होंने कहा कि आज मोबाइल और सोशल मीडिया की वजह से बच्चे डिजिटल एडिक्शन के शिकार हो चुके हैं.

# धर्म की मूल भावना से छेड़छाड़ न हो : सुप्रीम कोर्ट

**सबरीमाला मामले में आस्था बनाम अधिकार पर सवाल**

**महिलाओं का मंदिर प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता**



**नई दिल्ली,29 अप्रैल. सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के मामले में सुनवाई के दौरान एक अहम टिप्पणी की है कि धर्म की मूल भावना से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। अदालत ने सवाल उठाया कि उत्तर भारत के किसी गैर-आस्थावान व्यक्ति को किस आधार पर मंदिर में प्रवेश का अधिकार प्राप्त हो सकता है.**

नौ जजों की संविधान पीठ ने जोर देकर कहा कि धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में आस्था का पहलू भी अहम है ।सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट का 2018 का फैसला अब भी प्रभावी है, लेकिन महिलाओं को मंदिर में प्रवेश में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि अदालत धर्म की परिभाषा तय नहीं करती, बल्कि यह धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं का विषय है. जयसिंह ने महिलाओं के 10-50 वर्ष आयु समूह में प्रवेश पर रोक को उनके महत्वपूर्ण जीवन अधिकारों से वंचित करना बताया. कोर्ट ने टिप्पणी की कि महिला को उनके सामाजिक वर्ग के आधार पर नहीं, बल्कि आयु समूह के अनुसार रोका गया था. न्यायपालिका ने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी ताकत है और अनुच्छेद 26 के तहत धार्मिक संप्रदायों को अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार भी है.

### हेट स्पीच पर नया कानून नहीं : सुको


**नई दिल्ली, 29 अप्रैल.** उच्चतम न्यायालय ने देश भर में नफरती भाषण (हेट स्पीच) पर अंकुश लगाने के लिए कोई भी नया दिशा-निर्देश जारी करने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की मांग करने वाली याचिकाओं के एक बैच को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि हेट स्पीच की समस्या से निपटने के लिए कोई कानून नहीं है.


### आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1030 | गजनी के सुल्तान महमूद का निधन. |
| 1598 | अमेरिका में पहली बार थियेटर का आयोजन. |
| 1789 | जॉर्ज वॉशिंगटन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति चुने गए. |
| 1843 | मराठी उपन्यासकार और संपादक रामचन्द्र भीकाजी गुंजिकर का जन्म. |
| 1870 | भारतीय सिनेमा के पितामह दादा साहब फाल्के का जन्म. |
| 1896 | आध्यात्मिक गुरू माँ आनंदमयी का जन्म. |
| 1936 | महात्मा गांधी वर्धा में सेवाग्राम आश्रम रहने गए. |
| 1945 | जर्मन तानाशाह हिटलर एवं उसकी पत्नी इवा ब्राउन ने आत्महत्या की. |

# केजरीवाल के बहिष्कार के बीच दिया एक मौका

- दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई टली, नया नोटिस जारी
- केजरीवाल-सिसोदिया के बहिष्कार पर कोर्ट का रुख





**नई दिल्ली, 29 अप्रैल. दिल्ली के चर्चित आबकारी नीति मामले में बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान कई अहम घटनाक्रम सामने आए. जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने स्पष्ट किया कि ट्रायल कोर्ट का पूरा रिकॉर्ड अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, जिसके चलते मामले की सुनवाई को आगे बढ़ाना पड़ा.**

अदालत ने विशेष संदेशवाहक के जरिए रिकॉर्ड तत्काल प्रस्तुत करने का निर्देश दिया. इस पर जस्टिस शर्मा ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि संबंधित पक्ष शनिवार तक हर हाल में अपना जवाब दाखिल करें. अदालत ने इसे एक अंतिम अवसर बताते हुए चेतावनी दी कि आगे किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और डीपी सिंह भी अदालत में उपस्थित रहे. एक प्रतिवादी की ओर से स्थगन आदेश रद्द करने की मांग भी उठाई गई, जिस पर अदालत ने संबंधित पक्षों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया. इसी बीच, प्रवर्तन निदेशालय की याचिकाओं पर भी अदालत ने अरविंद केजरीवाल को नया नोटिस जारी किया. ये याचिकाएं उन मामलों से जुड़ी हैं, जिनमें केजरीवाल को समन के बावजूद एजेंसी के सामने पेश न होने के चलते मिली राहत को चुनौती दी गई है.

# महाराष्ट्र सरकार ने बदला प्रोटोकॉल

**मुंबई.** महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने 28 अप्रैल को सरकारी प्रोटोकॉल में संशोधन किया. नए नियमों के अनुसार, राज्य के अधिकारियों को अब उन विधायकों और सांसदों के सामने खड़े होकर अभिवादन करने की आवश्यकता नहीं है, जिन्हें किसी अपराध में दोषी ठहराया गया है या जिन्हें जांच/सुनवाई के लिए बुलाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस बदलाव का उद्देश्य अधिकारियों की निष्पक्षता सुनिश्चित करना है. अधिकारी जो जांच या सुनवाई के लिए आए लोगों के सामने खड़े होंगे, तो इससे अनजाने में पक्षपात का संकेत मिल सकता है.

# महिलाओं को भविष्य की कौशल नेता बनाएगी



**पुणे, 29 अप्रैल. भारत के कौशल और शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि में, पुणे स्थित सिम्बायोसिस स्किल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एसएसपीयू) ने यूनेस्को के सहयोग से आयोजित महिलाएं भविष्य के कार्य का नेतृत्व कर रही हैं.**

विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जेंडर समावेशन और कौशल विकास पर यूनेस्को चेयर का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया, जो एशिया में अपनी तरह की पहली चेयर है.

इस चेयर का औपचारिक उद्घाटन भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी ने किया, जो समावेशी, भविष्य के लिए तैयार और वैश्विक स्तर पर संरेखित कौशल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है.

महाराष्ट्र सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री माननीय अदिति तटकरे और नॉर्वे की महावाणिज्यदूत माननीय मोनिका नागेलगार्ड सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि थीं. यूनेस्को चेयर की इस पहल का नेतृत्व एसएसपीयू की प्रो-चांसलर डॉ. स्वाति मुजुमदार कर रही हैं, जिनके कौशल विकास के क्षेत्र में किए गए अग्रणी कार्यों ने इस पहल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

**आईएमडी की चेतावनी** ▶ **देशभर में बदलेगा मौसम, कई राज्यों में तूफान-ओले**

# 19 राज्यों में भारी बारिश-आंधी का अलर्ट



**नई दिल्ली, 29 अप्रैल. देश के मौसम में आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, 30 अप्रैल से 4 मई के बीच देश के 19 राज्यों में बारिश, तेज आंधी, ओलावृष्टि और बिजली गिरने की घटनाएं हो सकती हैं.**

इस दौरान कई क्षेत्रों में 'रेड अलर्ट' जैसी स्थिति बनने की आशंका जताई गई है. मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत के पहाड़ी राज्यों—जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड—में हल्की से मध्यम बारिश के साथ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। इसके साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है. पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में आज अप्रैल और 2 से 4 मई के बीच गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। खासतौर पर आज अप्रैल को पंजाब और हरियाणा में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान चल सकता है।

अरुणाचल प्रदेश में आज अप्रैल से 2 मई के बीच अत्यधिक भारी बारिश का अनुमान है, जबकि असम, मेघालय और नागालैंड में 30 अप्रैल से 3 मई तक भारी बारिश जारी रह सकती है. इन क्षेत्रों में जलभराव और भूस्खलन जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ गया है. पूर्वी भारत में भी मौसम का असर साफ दिखेगा। पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा में अगले छह दिनों तक आंधी और बारिश का दौर जारी रह सकता है.



## पीएम मोदी ने काशी में की पूजा

**वाराणसी, 29 अप्रैल.** प्रधानमंत्री ने अपने दौरे की झलकियां सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म - पर भी साझा कीं. उन्होंने 'हर हर महादेव' के कैप्शन के साथ तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि बाबा विश्वनाथ के दर्शन और पूजन का सौभाग्य मिला. साथ ही उन्होंने मां अन्नपूर्णा और मां गंगा के दर्शन से मिली शांति का भी उल्लेख किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंदिर परिसर में 'हर-हर महादेव' के जयकारों के बीच उनका स्वागत किया गया और प्रवेश द्वार पर बटुकों द्वारा शंखनाद किया गया.

# सीएम भगवंत मान को 1 मई का अल्टीमेटम


**मनसा, 29 अप्रैल.** मनसा की अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजिंदर सिंह नागपाल ने बुधवार को स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान अक्टूबर 2022 के बाद से अदालत में पेश नहीं हुए हैं. अक्टूबर 2022 में ही बेल बॉन्ड भरने के बाद उन्हें जमानत दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद लगातार गैरहाजिरी से मामला लंबित है। मंगलवार को भगवंत मान के वकील ने चंडीगढ़ में एक महत्वपूर्ण बैठक का हवाला देते हुए छूट की अर्जी दी. अदालत ने इसे केवल आज के लिए मंजूर किया, लेकिन अगले दिन यानी 1 मई को उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य कर दी. अदालत ने साफ किया कि अगर अगली सुनवाई में भी वे पेश नहीं होते हैं, तो जमानत रद्द कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। 2019 में दर्ज इस मानहानि मामले में शिकायतकर्ता मनशाहिया ने आरोप लगाया था कि भगवंत मान ने उनके खिलाफ और अन्य पत्रकारों के खिलाफ बयान दिए, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने पार्टी बदलने के लिए पैसे लिए।

# 5 विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल्स से राजनीतिक उत्सुकता चरम पर

**नई दिल्ली. पांच विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल्स ने राजनीतिक उत्सुकता को चरम पर पहुंचा दिया है.**

- **पश्चिम बंगाल** में आठ प्रमुख सर्वे में से छह ने भाजपा को स्पष्ट बहुमत का अनुमान दिया है, जिससे राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार बनने की संभावनाएँ बढ़ रही हैं। मैट्रिज, पोल डायरी और चाणक्य स्ट्रैटजीज जैसे सर्वेक्षणों में भाजपा को 146 से 161 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि तृणमूल कांग्रेस 125-140 सीटों तक सीमित दिखाई दे रही है. वहीं प्रजा पोल ने भाजपा को 178-208 सीटें देने का दावा किया है.
- **असम** में 126 सीटों वाली विधानसभा में सरकार बनाने के लिए 64 सीटें आवश्यक हैं। सभी प्रमुख सर्वेक्षणों ने भाजपा गठबंधन को प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटते हुए दिखाया है। मैट्रिज, आजतक-एक्सिस माय इंडिया, जेवीसी-टाइम्स नाऊ और पीपल्स पल्स ने भाजपा+ गठबंधन को 82-101 सीटें दिलाने का अनुमान लगाया है.
- **केरल** में 140 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत के लिए 71 सीटें आवश्यक हैं। एग्जिट पोल नतीजों में सात में से आठ सर्वे ने यूडीएफ को बहुमत का संकेत दिया है। मैट्रिज और जेवीसी ने यूडीएफ को 70-84 सीटों तक पहुंचते दिखाया है, जबकि एलडीएफ पिछड़ा हुआ नजर आ रहा है.
- **तमिलनाडु** में द्रमुक गठबंधन की बढ़त दिखाई दे रही है, लेकिन टीवीके ने भी मजबूत पकड़ दिखाई है। 234 सीटों वाली विधानसभा में छह सर्वे द्रमुक को बहुमत का अनुमान दे रहे हैं।
- **पुडुचेरी** में सभी पांच एग्जिट पोल ने एनडीए को स्पष्ट बहुमत के साथ विजेता बताया है.

## पांच राज्यों का एग्जिट पोट (एक नजर में आंकड़े)



### पश्चिम बंगाल एग्जिट पोल

| एजेंसी | तृणमूल+ | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 125-140 | 146-161 | 6-10 |
| पोल डायरी | 99-127 | 142-171 | 5-9 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 130-140 | 150-160 | 6-10 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 | 0-0 |
| पीपल्स पल्स | 177-187 | 95-110 | 1-4 |
| पी- मारक्यू | 118-138 | 150-175 | 2-6 |
| जनमत पोल्स | 195-205 | 80-90 | 4-9 |
| जेवीसी | 131-152 | 138-159 | 2-4 |

### केरल एग्जिट पोल

| एजेंसी | एलडीएफ | यूडीएफ | भाजपा+ | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 60-65 | 70-75 | 3-5 | 2-4 |
| पीपल्स पल्स | 75-85 | 55-65 | 0-3 | 0-0 |
| जेवीसी | 52-61 | 72-84 | 3-7 | 0-0 |
| एक्सिस माय इंडिया | 49-62 | 78-90 | 0-3 | 0-0 |
| वोट वाइब | 58-68 | 70-80 | 0-0 | 0-4 |
| पी-मारक्यू | 62-69 | 71-79 | 1-4 | 0-3 |
| पीपल्स इनसाइट | 58-68 | 66-76 | 10-14 | 0-1 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 58-64 | 72-80 | - | 3-7 |

### असम एग्जिट पोल

| एजेंसी | भाजपा+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 85-95 | 25-32 | 6-12 |
| आजतक-एक्सिस माय इंडिया | 88-100 | 24-36 | 00 |
| जेवीसी-टाइम्स नाऊ | 88-101 | 23-33 | 2-5 |
| पीपल्स पल्स | 83-91 | 23-31 | 35 |
| पोल डायरी | 86-101 | 15-26 | 00 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 88-98 | 22-32 | 3-5 |
| पी-मारक्यू | 82-94 | 30-40 | 1-5 |
| जनमत पोल्स | 87-98 | 29-30 | 00 |

### तमिलनाडु एग्जिट पोल

| एजेंसी | द्रमुक+ | एनडीए | टीवीके | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 122-132 | 87-100 | 10-12 | 0-6 |
| पीपल्स पल्स | 125-145 | 65-80 | 18-24 | 2-6 |
| चाणक्य स्ट्रैटजी | 145-160 | 50-65 | - | 18-26 |
| प्रजा पोल | 148-168 | 61-81 | - | 1-9 |
| पी-मारक्यू | 125-145 | 65-85 | 16-26 | 1-6 |
| जेवीसी | 75-95 | 128-147 | 8-15 | - |
| पीपल्स इन्साइट | 120-140 | 60-70 | 30-40 | 0-4 |
| कामाख्या एनालिटिक्स | 78-95 | 68-84 | 67-81 | - |

### पुडुचेरी एग्जिट पोल

| एजेंसी | एनडीए | कांग्रेस+ | टीवीके+ | अन्य ) |
|---|---|---|---|---|
| पीपल्स पल्स | 16-19 | 10-12 | 0-0 | 1-2 |
| एक्सिस माय इंडिया | 16-20 | 6-8 | - | 3-7 |
| प्रजा पोल | 19-25 | 6-10 | 0-0 | 0-0 |
| कामाख्या एनालिटिक्स | 17-24 | 4-7 | 1-2 | 0-1 |
| जेवीसी | 15-17 | 11-13 | 1-2 | 0-1 |